**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**Answer Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**D – 7007**

**PAPER – II**

**Test Booklet No.**

# TRIBAL & REGIONAL LANGUAGE - LITERATURE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   - (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   - (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬬ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   - (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   - (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   - (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬬ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

## TRIBAL AND REGIONAL LANGUAGES - LITERATURE

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) Multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** Who was the propounder of 'Bongaism' ?
(A) Malinowsky (B) Redcliff Brown
(C) Majumdar (D) Coderington

**2.** Which of the following is needed for the progress of a country or society ?
(A) Change of the Government
(B) Tightening and improving the administration
(C) Working hard
(D) Ideal morality and hard work

**3.** Which of the following tribes of Jharkhand is known for smelting iron ?
(A) Oraon (B) Kharia
(C) Asur (D) Ho

**4.** Who among the following is British diffusionist scholar ?
(A) Fredrich Ratzel (B) Grafton Elliot Smith
(C) Clark Wizler (D) A.L. Kroeber

**5.** What should be the nature of the study of castes today ?
(A) Comparative (B) Classification
(C) One-sided (D) Historical

**6.** What is *'Akhra'* in the following ?
(A) Youth dormitory (B) Place of worship
(C) Place of cultural performance (D) Place of war

**7.** Which of the following is nearer to ethnology ?
(A) Physical Anthropology (B) Economics
(C) Social Anthropology (D) Psychology

**8.** Why is ethnological study needed today in a multi-tribal industrial area ?
(A) To keep in touch with the tribes in industrial atmosphere
(B) To know the social evils of the area
(C) To bring improvement in the economic condition of the people
(D) To promote them from educational point of view

## जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा - साहित्य

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास** (50) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** 'बोंगावाद' के प्रवर्त्तक कौन थे?

(A) मेलिनोवस्की (B) रेडक्लिफ ब्राउन
(C) मजुमदार (D) कोडरिंगटन

**2.** किसी देश या समाज की प्रगति के लिए निम्नांकित में से किसकी आवश्यकता है?

(A) सरकार बदलना (B) प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त करना
(C) कठिन परिश्रम (D) आदर्श नैतिकता और कठिन परिश्रम

**3.** झारखण्ड की निम्नलिखित जनजातियों में कौन लोहा गलाने के लिए जानी जाती है?

(A) उराँव (B) खड़िया (C) असुर (D) हो

**4.** निम्नलिखित में कौन ब्रिटिश प्रसारवादी विद्वान है?

(A) फ्रेडरिच रेटजल (B) ग्राफटन ईलियट स्मिथ
(C) क्लार्क विजलर (D) ए.एल. क्रोबर

**5.** वर्तमान में जातियों के अध्ययन का स्वरूप क्या होना चाहिए?

(A) तुलनात्मक (B) वर्गीकरण (C) एक पक्षीय (D) ऐतिहासिक

**6.** निम्नांकित में '*अखरा*' क्या है?

(A) युवागृह (B) पूजा-स्थल (C) सांस्कृतिक केन्द्र (D) युद्ध-स्थल

**7.** जाति विज्ञान निम्नांकित में किसके नजदीक है?

(A) शारीरिक मानवशास्त्र (B) अर्थशास्त्र
(C) सामाजिक मानवशास्त्र (D) मनोविज्ञान

**8.** आज जनजाति बहुल औद्योगिक क्षेत्र में जाति-वैज्ञानिक अध्ययन क्यों जरूरी है?

(A) औद्योगिक माहौल में जनजातियों के सम्पर्क में रहने के लिए
(B) सामाजिक बुराइयों को जानने के लिए
(C) आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए
(D) शिक्षा की दृष्टि से उनको आगे बढ़ाने के लिए

**9.** Which of the following tribes of Jharkhand has the largest population ?
(A) Oraon (B) Munda
(C) Chik Baraik (D) Santal

***Read the following description with attention and answer question no's. 10 to 14 :***

After the tribal people's Agneya family, the place of the Oraons in the Dravid family is very important. The Oraon society has a great love for music. Their variety of music and dance is amazing, there is hardly any other community that is comparable with their artistic excellence. Their dress and musical instruments too are beautiful to look at . Their beautiful appearance and sweet sound makes one feel like rushing to the dance ground, Mandar, Nagārā, Thechkā, Ghanti, Tirio etc. are their favourite musical instruments.

The dances of the Oraon are performed all year round with great joy. They cannot even imagine to live without them. There are some kinds of songs which are accompanied neither by any musical instrument or by any dance. Apart from the Kurukh songs there is an abundance of Nagpuri songs among the Oraon. These songs are very pleasant in their style and melody. The collections of folk songs by W.G. Archer and Dharam Das Lakra are proofs of this. Many of the songs relating to rituals of wedding are in Nagpuri in addition to Kurukh. The Oraons have been greatly influenced by the Sadāns. Infact Sadan, Munda, Oraon and Kharia have a history of living together from time immemorial. Consequently their being influenced by each others music and dance is quite natural.

**10.** Which of the following is correct ?
(A) After the Agneya family importance of the Oraon among the Dravids is less
(B) The Oraon can imagine living even without music
(C) The history of the Munda, Oraon, Kharia and Sadan living together is unknown
(D) The music and dance of the Munda, Oraon, Kharia and Sadan are not influenced by each other.

**11.** Regarding what element the Oraon music and dance is incomparable ?
(A) Sweetness (B) Artistic Presentation
(C) Love of music (D) Beauty

**12.** Among the Oraons, what songs are more abundant than Kurukh ?
(A) Chhotanagpuri (B) Mundari
(C) Sadri (D) Jharkhandi

**13.** Why does one become anxious to get into the Akhra ?
(A) For beauty and sweetness
(B) For beautiful dancing women
(C) For sweet sounding musical instruments
(D) Because of not able to control themselves

**14.** Who is a collector of Oraon songs ?
(A) W.G. Hunter (B) W.G. Prust
(C) Dharmdas Lakra (D) Masih Das Lakra

**9.** झारखण्ड की जनजातियों में किनकी जन-संख्या सर्वाधिक है?

(A) उराँव (B) मुण्डा (C) चिक बड़ाइक (D) संताल

***निम्नलिखित विवरण को ध्यान से पढ़कर लेखक के संदेश की पहचान प्रश्न 10 से 14 में कीजिए।***

आदिवासियों में आग्नेय परिवार के उपरान्त द्रविड़ परिवार में उराँवों का स्थान झारखण्ड में बहुत महत्वपूर्ण है। उराँव समाज बेहद संगीतप्रिय होता है। इनके नृत्य संगीत की विविधता देखते ही बनती है। इनकी कलात्मकता से, तुलनात्मक रूप में, शायद ही कोई टक्कर ले। इनकी वेश-भूषा, वाद्य यंत्र भी नयनाभिराम होते हैं। इनकी सुंदरता और मधुरता से मन अखरा चढ़ने के लिए उतावला हो जाता है। माँदर, नगाड़ा, ठेचका, घंटी, तिरियो आदि इनके लोक प्रिय वाद्य हैं।

उराँवों के नृत्य भी वर्ष भर हर्षोल्लास से चलते रहते हैं। इनके बिना तो ये जीने की कल्पना ही नहीं कर सकते। इनके कुछ गीतों में न तो वाद्य होते हैं न नृत्य। उराँव समाज में कुडुख़ गीतों के अतिरीक्त नागपुरी (सदरी) गीतों की भी भरमार है। अपनी शैली व रागों में ये गीत बहुत ही मधुर हैं। डब्ल्यू.जी.आर्चर एवं धर्मदास लकड़ा द्वारा किए गए उराँव लोकगीतों के संकलन इसके प्रमाण हैं। विवाह-शादी में नेगाचार के अनेक गीत कुडुख़ के अतिरिक्त नागपुरी में भी हैं। सदानों का प्रभाव उराँवों पर भी व्यापक रूप से पड़ा है। वस्तुतः सदान, मुण्डा, उराँव तथा खड़िया समाज के लोग सहवासी रहे हैं, वह भी इतिहास के अज्ञात काल से। परिणामतः इनके आपस के नृत्य-संगीत का एक दूसरे से प्रभावित होना स्वाभाविक ही है।

**10.** निम्नांकित में कौन सही है :

(A) आग्नेय परिवार के बाद द्रविडों में उराँव का स्थान महत्वपूर्ण कम है।

(B) संगीत के बिना भी उराँव जीने की कल्पना कर सकते हैं।

(C) मुण्डा, उराँव, खड़िया, सदान आदि का एक साथ रहने का इतिहास अज्ञात है।

(D) मुण्डा, उराँव, खड़िया तथा सदानों के नृत्य-गीत एक दूसरे से प्रभावित नहीं हैं।

**11.** किस तत्व को लेकर उराँव नृत्य और संगीत की तुलना नहीं की जा सकती :

(A) मधुरता (B) कलात्मकता (C) संगीत प्रियता (D) सुंदरता

**12.** उराँवो में किन गीतों की भरमार कुडुख़ से अधिक किसकी है?

(A) छोटानागपुरी (B) मुण्डारी (C) सदरी (D) झारखण्डी

**13.** अखरा चढ़ने के लिए क्यों उतावले हो जाते है?

(A) सुंदरता और मधुरता से (B) सुंदर नर्तकियों के लिए

(C) मधुर वाद्य यंत्रों के लिए (D) अपने को रोक नहीं पाने के कारण

**14.** उराँव गीतों के संकलन कर्ता कौन हैं?

(A) डब्ल्यू.जी. हंटर (B) डब्ल्यू.जी. प्रूस्ट

(C) धर्मदास लकड़ा (D) मसीह दास लकड़ा

15. Where do the words exist ?

(A) Dictionary (B) Literature

(C) Sentence (D) Morpheme

16. Which among the following is the correct example of Voicing ?

(A) Kak - Kag (B) Megh - Mekh

(C) Vesh - Bhes (D) Banar - Bandar

17. 'Mera Garib Khana', Āpkā daulat Khānā' are examples of :

(A) Satire (B) Humility

(C) Emotional stress (D) Environmental change

18. Devnagari is the script of the group :

(A) Pictographic script (B) Syllabic script

(C) Symbolic script (D) Idiographic script

19. Ta, Tha, Da, Dha, N are the sounds of the group :

(A) Retroflexed (B) Velar

(C) Velar fricative (D) Glottal

20. Which group is most matching ?

| | ***List I*** <br> ***Theories on origins of Language*** | | ***List - II*** <br> ***Name of Linguist*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Supporter of divine theory | (i) | Prof. Max Muller |
| (b) | Founder of agreement theory | (ii) | Prof. Renan |
| (c) | Founder of Ding-Dong theory | (iii) | Rousseau |
| (d) | Critic of Bow-Wow theory | (iv) | Sussmilch |

***Group :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

21. What is the main theory of Vedānta ?

(A) Brahmawada (B) End of the veda

(C) Mayawāda (D) Lilawad

**15.** शब्दों का अस्तित्व कहाँ रहता है?

(A) शब्द कोश में
(B) साहित्य में
(C) वाक्य में
(D) पद में

**16.** निम्नलिखित में घोषीकरण का सही उदाहरण कौन है?

(A) काक — काग
(B) मेघ — मेख
(C) वेश — भेष
(D) वानर — बन्दर

**17.** 'मेरा गरीबखाना', 'आप का दौलतखाना' किस का उदाहरण है :

(A) व्यंग्य
(B) विनम्रता
(C) भावात्मक बल
(D) परिवेश परिवर्तन

**18.** देवनागरी किस वर्ग की लिपि है?

(A) चित्र लिपि
(B) अक्षरात्मक लिपि
(C) प्रतीकात्मक लिपि
(D) भावमूलक लिपि

**19.** ट, ठ, ड, ढ, ण किस वर्ग की ध्वनियाँ हैं?

(A) मूर्द्धन्य
(B) अन्तस्थ
(C) जिह्वामूलीय संघर्षी
(D) कंठ्य

**20.** किस समूह में सही मिलान है :

| | ***सूची - I*** | | ***सूची - II*** |
|---|---|---|---|
| | **भाषा उद्‌गम की सिद्धान्त** | | **भाषा विज्ञानी का नाम** |
| (a) | दैवी सिद्धान्त का समर्थक | (i) | प्रो. मैक्स मूलर |
| (b) | समझौतावाद का प्रतिपादक | (ii) | प्रो. रेनन |
| (c) | धातु सिद्धान्त का प्रवर्तक | (iii) | रूसो |
| (d) | ध्वन्यानुकरण सिद्धान्त का आलोचक | (iv) | सुसमिल्श |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**21.** वेदान्त का मुख्य सिद्धान्त क्या है?

(A) ब्रह्मवाद
(B) वेद का अन्त
(C) मायावाद
(D) लीलावाद

22. Where has 'Mīmānsā' originated from ?
(A) Purāṇa (B) Panchāshikā
(C) Veda (D) Adhyātma Rāmāyana

23. Padma Purāna is related to :
(A) Vedic Religion (B) Budhism
(C) Karma Kānda (D) Jain Religion

24. In which sect 'Bhakti' is described as 'Moksha' ?
(A) Gaudīya Vaishnava Sect (B) Madhwa Sect
(C) Rāmānanda Sect (D) Bhāgawata Sect

25. What is meant by Sarveshwar ?
(A) All are God (B) Only one God exists everywhere
(C) Shubha (virtue) is God (D) Universe beyond Dharma-Adharma

26. To which category belong the writings of Qutuban ?
(A) Krishnā Shrayī (B) Rāmā Shrayī
(C) Premamūlaka (D) Nirgun Bhakti

27. 'Arunodaya Samwad - Patra' used to be published in :
(A) Hindi (B) Assamese
(C) Oriya (D) Bengali

28. What is 'Tār-Saptak' :
(A) Book of music (B) Violin
(C) Novel (D) Collection of poems

29. Which is the modern play of Prasad ?
(A) Kāmanā (B) Dhruvaswāminī
(C) Mudrā-Rākshasa (D) Janmejay Ka Nagyagya

30. Which is the correct historical order of medieval Hindi poets listed below :
(A) Kabirdas, Tulsidas, Biharilal, Bhushan
(B) Tulsidas, Kabirdas, Biharilal, Bhushan
(C) Kabirdas, Biharilal, Tulsidas, Bhushan
(D) Tulsidas, Kabirdas, Bhushan, Biharilal

22. मीमांसा का उद्भव किस से हुआ?
(A) पुराण
(B) पंचाशिका
(C) वेद
(D) अध्यात्म रामायण

23. पद्म पुराण का संबंध है :
(A) वैदिक धर्म से
(B) बौद्ध धर्म से
(C) कर्म काण्ड से
(D) जैन धर्म से

24. भक्ति को मोक्ष तुल्य किस सम्प्रदाय में कहा गया है?
(A) गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय
(B) मध्व सम्प्रदाय
(C) रामानन्द सम्प्रदाय
(D) भागवत सम्प्रदाय

25. सर्वेश्वर का क्या अर्थ है?
(A) सभी ईश्वर हैं
(B) सिर्फ एक ईश्वर सर्वत्र रहता है
(C) शुभ ही ईश्वर है
(D) धर्म-अधर्म से परे का ब्रह्माण्ड

26. कुतुबन की रचनाएँ को किस श्रेणी में रखेंगे?
(A) कृष्णाश्रयी
(B) रामाश्रयी
(C) प्रेम मूलक
(D) निर्गुण भक्ति

27. अरुणोदय संवाद-पत्र किस भाषा में निकलता था?
(A) हिन्दी
(B) असमिया
(C) उड़िया
(D) बंगला

28. 'तार सप्तक' क्या है?
(A) संगीत ग्रंथ
(B) वायलीन
(C) उपन्यास
(D) कविता संग्रह

29. प्रसाद का आधुनिक नाटक कौन-सा है?
(A) कामना
(B) ध्रुवस्वामिनी
(C) मुद्रा-राक्षस
(D) जनमेजय का नागयज्ञ

30. निम्नलिखित मध्यकालीन हिन्दी कवियों में से कौन सा ऐतिहासिक अनुक्रम सही है?
(A) कबीरदास, तुलसीदास, बिहारीलाल, भूषण
(B) तुलसीदास, कबीरदास, बिहारीलाल, भूषण
(C) कबीरदास, बिहारीलाल, तुलसीदास, भूषण
(D) तुलसीदास, कबीरदास, भूषण, बिहारीलाल

**31.** 'Poetry is a spontaneous outburst of powerful feelings'. Who stated this ?

(A) Coleridge (B) Shelley

(C) Wordsworth (D) Mathew Arnold

**32.** What is the natural outcome of feeling ?

(A) Logic (B) Intellect

(C) Imagination (D) Thought

**33.** What is more important than the subject in Literature ?

(A) Attitude of writer (B) Language

(C) Feeling (D) Technique

**34.** What is the main base of dramatic art ?

(A) Neutrality of writer (B) Dialogue

(C) Character (D) Theme

**35.** What is the structural similarity between song and personal essay ?

(A) Personality of writer (B) Intensification of feeling

(C) Language (D) Technique

**36.** What is the basic motivation for poetic creativity according to Marx ?

(A) Inferiority Complex (B) Class-struggle

(C) Economy (D) Social revolution

**37.** What does art make a man ?

(A) Lazy (B) Utopian

(C) Eseapist (D) Active

**38.** Who is the example of 'Dhirlalit' character ?

(A) Lord Rama (B) Lord Krishna

(C) Ravāna (D) Mahavira

31. ‘कविता घनीभूत भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति है।’ यह उक्ति किसकी है?

(A) कोलरीज (B) शैली

(C) वर्डस्वर्थ (D) मैथ्यू आर्नल्ड

32. भावनाओं की सहज परिणति क्या है?

(A) तर्क (B) बुद्धि

(C) कल्पना (D) चिंतन

33. साहित्य में विषय की अपेक्षा क्या महत्वपूर्ण है?

(A) लेखक की दृष्टि (B) भाषा

(C) भावनाएँ (D) शिल्प

34. नाट्य कला की मुख्य भित्ति क्या है?

(A) लेखक की तटस्थता (B) संवाद

(C) चरित्र (D) कथावस्तु

35. गीत और ललित निबंध में संरचनात्मक समानता क्या है?

(A) लेखक का व्यक्तित्व (B) भावों की सघनता

(C) भाषा (D) शिल्प

36. मार्क्स के अनुसार काव्य-सृजन की मूल प्रेरणा क्या है?

(A) हीन-ग्रंथि (B) वर्ग-संघर्ष

(C) अर्थ व्यवस्था (D) सामाजिक क्रांति

37. कला मनुष्य को क्या बनाती है?

(A) काहिल (B) स्वप्न जीवी

(C) पलायनवादी (D) कर्मठ

38. ‘धीर-ललित’ चरित्र का श्रेष्ठ उदाहरण कौन है?

(A) भगवान राम (B) भगवान कृष्ण

(C) रावण (D) महावीर

**39.** 'Vakyam Rasātmakam Kāvyam' who provided this definition of poetry ?

(A) Acharya Dandi
(B) Acharya Bhamah
(C) Acharya Mammat
(D) Acharya Vishwanath

**40.** Which grouping of the assertion and reason is most appropriate in the following ?

**Assertion (A) :** According to Indian dramatologists, there are three elements of drama - theme, Hero and Rasa.

**Reason (R) :** Because theme includes environment, Hero includes character, dialogue, action and Rasa includes language, style and aim.

(A) Both **(A)** and **(R)** are correct
(B) Both **(A)** and **(R)** are not correct
(C) **(A)** is correct but **(R)** is not
(D) **(A)** is not correct but **(R)** is correct

**41.** Who is the author of 'Sāhitya Darpan' ?

(A) Acharya Mammat
(B) Pandit Jagannath
(C) Acharya Vishwanath
(D) Acharya Bhamah

**42.** Which poetic quality is desired in 'Shringar Rasa' ?

(A) Oj
(B) Prasad
(C) Ghambhira
(D) Madhurya

**43.** Who propounded the theory of 'Sadharni-karan'.

(A) Bhatt Lollat
(B) Abhinav Gupta
(C) Shankuk
(D) Bhattnayak

**44.** What is the relationship between 'Upmeya' and 'Upmān' in Upamā Alankār' ?

(A) Sādrishya
(B) Sambhāvya
(C) Abhed
(D) Anyonya

**45.** Which Arthālankar is in 'Chhavi-grih Deep Shikhā Janu Baraī' ?

(A) Roopak
(B) Utpreksha
(C) Bhrantiman
(D) Sandeh

39. 'वाक्यम् रसात्मकम् काव्यं' काव्य की यह परिभाषा किसने दी है?

(A) आचार्य दण्डी
(B) आचार्य भामह
(C) आचार्य मम्मट
(D) आचार्य विश्वनाथ

40. निम्नलिखित में स्थापना और कारण का कौन सा ग्रूप सर्वाधिक उपयुक्त है?

**स्थापना (A) :** भारतीय नाट्यशास्त्रियों के अनुसार नाटक के तीन तत्त्व हैं – वस्तु नेता और रस।

**कारण (R) :** क्योंकि वस्तु में परिवेश, नेता में पात्र, संवाद एवं अभिनय तथा रस में भाषा शैली एवं उद्देश्य समाहित रहते हैं।

(A) दोनों **(A)** और **(R)** सही हैं।
(B) दोनों **(A)** और **(R)** सही नहीं हैं।
(C) **(A)** सही है, पर **(R)** सही नहीं है।
(D) **(A)** सही नहीं है, पर **(R)** सही है।

41. 'साहित्य दर्पण' के रचयिता कौन हैं?

(A) आचार्य मम्मट
(B) पंडित जगन्नाथ
(C) आचार्य विश्वनाथ
(D) आचार्य भामह

42. शृंगार रस में कौनसा काव्य गुण वांछित है?

(A) ओज
(B) प्रसाद
(C) गांभीर्य
(D) माधुर्य

43. साधारणीकरण के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया?

(A) भट्ट लोल्लाट
(B) अभिनव गुप्त
(C) शंकुक
(D) भट्टनायक

44. उपमा अलंकार में 'उपमेय' और 'उपमान' में क्या संबंध होता है?

(A) सादृश्य
(B) संभाव्य
(C) अभेद
(D) अन्योन्य

45. 'छवी-गृह दीपशिखा जनु बरई' में कौन सा अर्थालंकार है?

(A) रूपक
(B) उत्प्रेक्षा
(C) भ्रांतिमान
(D) संदेह

46. In Nyūnpad dosh :

(A) words are more than required

(B) words are less than required

(C) desired words do not exist

(D) undesired words are more than one

47. What is the direct sign of folk-literature ?

(A) Expression of 'Muni-mānas'

(B) Expression of Janmānas

(C) Expression of Lokmānas

(D) Expression of Atindriya-mānas

48. Which of the following statements regarding folk literature belongs to Hazari Prasad Dwiwedi ?

(A) Folk literature is the veda of folk-life

(B) Folk literature is the expression of folk-mind

(C) There is an inner story of village-life in folk literature

(D) Folk literature is an accumulated treasure of knowledge

49. What is the name of the song sung by a mother to make children sleep ?

(A) Ritual Song

(B) Festival Song

(C) Lullaby

(D) Work Song

50. In which folk-tales the historicity exists ?

(A) Myth

(B) Legend

(C) Fairy tale

(D) Creation-story

- o O o -

46. न्यून पद दोष में :

(A) शब्द जरुरत से अधिक होते हैं
(B) शब्द जरुरत से कम होते हैं
(C) वांछित शब्द नहीं रहता
(D) अवांछित शब्द एक से अधिक रहते हैं

47. लोक साहित्य की सीधी पहचान क्या है?

(A) मुनिमानस की अभिव्यक्ति
(B) जनमानस की अभिव्यक्ति
(C) लोकमानस की अभिव्यक्ति
(D) अतीन्द्रिय मानस की अभिव्यक्ति

48. लोक साहित्य के संबंध में हजारी प्रसाद द्विवेदी की कौनसी उक्ति है?

(A) लोक साहित्य लोक जीवन का वेद है
(B) लोक साहित्य लोकमानस की अभिव्यक्ति है
(C) लोक साहित्य में ग्राम्य जीवन की अन्तर्कथा है
(D) लोक साहित्य ज्ञान राशि का संचित-कोश है

49. बच्चों को सुलाने के लिए माता द्वारा गाए जाने वाले गीत का क्या नाम है?

(A) अनुष्ठान गीत
(B) पर्व गीत
(C) लोरी
(D) श्रम गीत

50. किन लोक कथाओं में ऐतिहासिकता अपेक्षाकृत अधिक होती है?

(A) मिथ
(B) लीजेंड
(C) परी कथा
(D) सृष्टि कथा

- o O o -

**Space For Rough Work**